**HRMS / VCIS/**
**iGot Portal**
**URGENT**

संचिका सं0–02/वि1–06/2014 ...1696
**झारखण्ड सरकार**
**स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग**

प्रेषक,

सीता पुष्पा, भा0प्र0से0,
सरकार के अपर सचिव।

सेवा में,

प्राथमिक शिक्षा निदेशालय, झारखण्ड,
माध्यमिक शिक्षा निदेशालय, झारखण्ड,
सभी क्षेत्रीय शिक्षा संयुक्त निदेशक, झारखण्ड,
सभी जिला शिक्षा पदाधिकारी, झारखण्ड,
सभी जिला शिक्षा अधीक्षक, झारखण्ड

राँची, दिनांक–25.08.2025

विषयः– **मानव संपदा संसाधन प्रणाली (HRMS) में पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों के सेवा संबंधी सभी आँकड़ों को अद्यतन कराये जाने के संबंध में ।**

प्रसंगः– **कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग, झारखण्ड, रांची का पत्रांक–4858 दिनांक–14.08.2025 ।**

महाशय,

उक्त प्रसंगाधीन पत्र के आलोक में कहना है कि कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग, झारखण्ड, रांची के संकल्प सं0–3092 दिनांक–27.05.2025 के आलोक में HRMS अन्तर्गत विकसित Vigilance Clerance Information System (VCIS) के माध्यम से निगरानी स्वच्छता प्रमाण पत्र प्राप्त संबधी कार्रवाई की जानी है।

2. साथ ही मिशन कर्मयोगी के तहत् iGot Portal के माध्यम से राज्य के पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों को ऑनलाईन प्रशिक्षण प्रदान किया जाना है। इसके निमित्त HRMS में पंजीकृत सभी पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों को iGot Portal पर Onboard किये जाने हेतु उनके **मोबाईल नंबर एवं ई–मेल आई0डी0** को अद्यतन किया जाना अपेक्षित है।

अतः अनुरोध है कि अपने कार्यालय के नियंत्रणाध्यीन सभी पदाधिकारियों एंव कर्मचारियों के **पदस्थापन, मोबाईल नं0, ई–मेल आई0डी0 सहित सेवा संबंधी सभी आँकड़ों को एक सप्ताह के अंदर अद्यतन कराने हेतु आवश्यक कार्रवाई करने हेतु निदेशित करने की कृपा की जाय।**

अनु0 यथोक्त।

विश्वासभाजन

25/8/25

सरकार के अपर सचिव

276

संoसंo–11 / PMU / 10–03 / 2024 काo 4858 /
झारखण्ड सरकार,
कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग।

प्रेषक,

प्रवीण कुमार टोप्पो,
सरकार के सचिव।

सेवा में,

अपर मुख्य सचिव, प्रधान सचिव, सचिव,
झारखण्ड, राँची।

सभी विभागाध्यक्ष / प्रमण्डलीय आयुक्त / उपायुक्त,
झारखण्ड।

राँची, दिनांक 14/8/25

विषय :— HRMS में पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों के सेवा संबंधी सभी आँकड़ों को अद्यतन कराये जाने के संबंध में।

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि विभागीय संकल्प संo–3092, दिनांक–27.05.2025 के द्वारा निगरानी स्वच्छता प्रमाण–पत्र HRMS अंतर्गत विकसित Vigilance Clearance Information System (VCIS) के माध्यम से प्राप्त करने का निर्णय लिया गया है। उक्त के सफल क्रियान्वयन हेतु HRMS में सभी पदाधिकारियों / कर्मचारियों के पदस्थापन सहित सेवा के सभी आँकड़ों को अद्यतन कराये जाने की आवश्यकता है।

2. साथ ही विभागीय पत्रांक 4436, दिनांक 25.07.2025 के द्वारा मिशन कर्मयोगी के तहत iGot Portal के माध्यम से राज्य के पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों को ऑनलाईन प्रशिक्षण प्रदान किया जाना है। इसके निमित्त HRMS में पंजीकृत सभी पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों को iGot Portal पर ऑनबोर्ड किये जाने हेतु उनके मोबाईल नम्बर एवं ई–मेल आई०डी० को अद्यतन किया जाना अपेक्षित है।

अतः अनुरोध है कि अपने विभाग / कार्यालय के नियंत्रणाधीन सभी पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों के पदस्थापन, मोबाईल नम्बर, ई–मेल आई०डी० सहित सेवा संबंधी सभी आँकड़ों को एक सप्ताह के अंदर अद्यतन कराने हेतु आवश्यक कार्रवाई करने की कृपा की जाय।

विश्वासभाजन,

14/08/25
(प्रवीण कुमार टोप्पो)
सरकार के सचिव।

सचिव कोषांग
स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग
पेवण संख्या 7645
तिथि 14.8.2025

19.08.25

2917
20.8.25